# यूपी में हरियाणवी सिंगर अंकित का कत्ल: 'मर्डर मार दे सड़क के ऊपर...', गाना इंस्टा पर डालने के 2 घंटे बाद हत्या

हरियाणवी सिंगर एवं अभिनेता अंकित बालियान की हत्या पूरी प्लानिंग के तहत की गई। बदमाश दो दिन से तैयारी में थे। रेकी के बाद वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों को पता था कि वह किस समय घर से निकलता है और जिम से कब बाहर आता है। इसी जानकारी के आधार पर हमलावरों ने जिम के बाहर मोर्चा संभाला और उसके बाहर निकलने का इंतजार किया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। शामली में हरियाणवी सिंगर एवं अभिनेता अंकित बालियान हत्याकांड में पुलिस की जांच में सनसनीखेज तथ्य सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हत्याकांड अचानक नहीं, बल्कि पूरी प्लानिंग के तहत अंजाम दिया गया। यूपी और हरियाणा के हमलावर वारदात से करीब दो दिन पहले से अंकित की रेकी कर रहे थे। बुधवार को भी बदमाशों ने अंकित की हर गतिविधि पर नजर रखी। घर से जिम जाने और जिम से बाहर निकलने तक उसका पीछा किया और मौका मिलते ही जिम के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी।





अंकित ने गोली-गोली के बारूद...., एक खटोला जेल के भीतर...., मोदी बड़ा गांव...... रुतबा जाट और जाटनी.... समेत 50 से अधिक हरियाणवी गानों में काम किया था। उनके गानों को लोगों ने पसंद किया। गायन के काम के चलते वह रोहतक के सेक्टर-14, सोनीपत और दिल्ली के खजूरी खास में रहते थे। उन्होंने तीनों स्थानों पर कार्यालय भी बना रखे थे और एक-दो महीने में ही गांव आते थे। अंकित ने प्राथमिक शिक्षा गांव के विद्यालय से हासिल की थी। इसके बाद दिल्ली से बीपीएड किया। परिवार के अनुसार वह गांव से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटेथे। चुनाव के बाद बॉलीवुड में हाथ आजमाने की योजना थी।

पुलिस के मुताबिक हमलावरों को अंकित की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी। उन्हें पता था कि वह किस समय घर से निकलता है और जिम से कब बाहर आता है। इसी जानकारी के आधार पर हमलावरों ने जिम के बाहर मोर्चा संभाला और उसके बाहर निकलने का इंतजार किया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस अब जिम और आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। संदिग्ध वाहनों और युवकों की पहचान की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि हमलावरों को अंकित की लोकेशन और दिनचर्या की जानकारी कौन उपलब्ध करा रहा था।

**राणा ने दी थी धमकी, चाचा ने जताई हत्या में हाथ होने की आशंका**

अंकित के चाचा चीकू ने पुलिस को बताया कि उन्हें जानकारी है कि अंकित के साथ काम करने वाले राणा नाम के व्यक्ति ने उसे धमकी दी थी। परिवार को आशंका है कि धमकी देने वाले व्यक्ति की हत्या में भूमिका हो सकती है। हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस धमकी के संबंध में जानकारी जुटाने के साथ अंकित के साथ काम करने वाले लोगों और उसके पुराने विवादों की भी पड़ताल कर रही है।

**पुरानी रंजिश से लेकर सुपारी तक, हर एंगल पर जांच**

पुलिस हत्या के पीछे पुरानी रंजिश, आपसी विवाद और अन्य संभावित कारणों की पड़ताल कर रही है। छह माह पहले रोहतक में हुई कहासुनी के अलावा अंकित को पूर्व में मिली कथित धमकी की भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि हत्या के लिए हमलावरों को किसने भेजा और वारदात की साजिश कहां तैयार हुई।

**21 से 26 साल के बताए जा रहे हमलावर**

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वारदात में शामिल हमलावरों की उम्र करीब 21 से 26 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस उनकी पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद ले रही है। यूपी और हरियाणा के संदिग्ध युवकों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अब वारदात से पहले और बाद की पूरी गतिविधियों की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। पुलिस यह भी पता कर रही है कि हमलावर कहां ठहरे थे, किन लोगों के संपर्क में थे और अंकित की लोकेशन उन्हें किसने उपलब्ध कराई। पुलिस का कहना है कि मामले में कई अहम सुराग मिले हैं। अलग-अलग टीमें जांच में जुटी हैं।

**मर्डर मार दे सड़क के ऊपर... गाना इंस्टाग्राम पर डालने के दो घंटे बाद हत्या**

हत्या के बाद उनकी सोशल मीडिया गतिविधियां चर्चा में आ गई हैं। हत्या से करीब दो घंटे पहले अंकित के इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनके गाने की वीडियो शेयर की गई थी। वीडियो में 'खास भाई की भड़क के ऊपर मर्डर मार दे सड़क के ऊपर...' जैसे बोल हैं। वीडियो शेयर करते हुए लोगों से इसे अधिक से अधिक शेयर करने की अपील की गई थी। हत्या के बाद भी अकाउंट पर गतिविधि होने की बात सामने आई है। पुलिस सोशल मीडिया अकाउंट की गतिविधि की टाइमलाइन खंगाल रही है। अंकित बालियान को हरियाणवी गाने 'भरी कोर्ट में गोली मारेंगे...' से खास पहचान मिली थी। इसके बाद वह लगातार म्यूजिक वीडियो और सोशल मीडिया पर सक्रिय रहे। हत्या के बाद हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उनके प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर शोक जताते हुए पुलिस से जल्द घटना का खुलासा करने की मांग की।

**कबड्डी के चैंपियन से हरियाणवी स्टार बनने तक का सफर**

शामली के बंतीखेड़ा निवासी अंकित बालियान ने कबड्डी के मैदान से हरियाणवी संगीत की दुनिया तक अपनी पहचान बनाई थी। प्रदेश स्तर पर कबड्डी खेल चुके अंकित के पैर में चोट लगी तो खेल का सफर थम गया। इसके बाद उन्होंने जिम से अपनी नई शुरुआत की और करीब वर्ष 2022 में हरियाणवी गायन की दुनिया में कदम रखा।



मेहनत के दम पर उन्होंने 50 से अधिक गानों में काम किया। अब उनकी नजर जिला पंचायत सदस्य के चुनाव पर थी और इसके बाद बॉलीवुड में कदम रखने की तैयारी थी। हालांकि हत्या की वारदात ने उनके इन सपनों को हमेशा के लिए अधूरा छोड़ दिया। अंकित के भाई कपिल ने बताया कि वर्ष 2013-14 तक अंकित प्रदेश स्तरीय कबड्डी खिलाड़ी थे। हालांकि उन्हें संगीत का भी शौक था। दिल्ली, भोपाल समेत कई स्थानों पर हुई प्रतियोगिताओं में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। कबड्डी खेलते समय पैर में फ्रैक्चर होने के कारण उन्हें खेल छोड़ना पड़ा। इसके बाद उन्होंने जिम ज्वाइन किया और वर्ष 2022 में हरियाणवी सिंगर बनने के लिए मेहनत शुरू कर दी।

पुलिस का कहना है कि अभी किसी एक वजह को हत्या का कारण मानना जल्दबाजी होगी। जांच पूरी होने के बाद ही हत्या के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

**शामली में हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की हत्या**

शामली शहर के बीच आर्यपुरी नाला पटरी पर कोतवाली के नजदीक बुधवार की देर शाम करीब 6:45 बजे बाइक से आए चार हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग करके हरियाणवी सिंगर व एक्टर अंकित बालियान (35) की हत्या कर दी। बावरी क्षेत्र के गांव बंतीखेड़ा निवासी अंकित के जिम से बाहर निकलते के बाद गाड़ी में बैठते ही हमला किया गया।

## यूपी: सावन के महीने में प्रदेश में जमकर हुई बारिश, पर ये 36 जिले अभी भी मानक से पीछे; आज-कल होगी भारी बरसात

Weather in UP: मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 25 अगस्त तक पश्चिमी यूपी में 498.6 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य बारिश 509.4 मिमी होनी चाहिए थी। अगस्त की मानसूनी बारिश ने यूपी को सूखे के आंकड़े से काफी बाहर खींच लिया है। 25 अगस्त तक प्रदेश में कुल मानसूनी बारिश सामान्य से 13 प्रतिशत कम रह गई है। खास बात यह है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश अब सामान्य के लगभग बराबर पहुंच गई है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश अभी भी 20 प्रतिशत पीछे है। यानी अगस्त की बारिश ने प्रदेश के कुल आंकड़े को काफी संभाला, लेकिन पूर्वांचल की कमी अभी पूरी नहीं हो सकी है। मौसम विभाग का कहना है कि 26 व 27 अगस्त में भी यूपी के दोनों अंचलों में बारिश का दौर जारी रहने और पूर्वी यूपी में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है।

**पश्चिमी यूपी की बारिश ने संभाली स्थिति**

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 25 अगस्त तक पश्चिमी यूपी में 498.6 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य बारिश 509.4 मिमी होनी चाहिए थी। इस तरह यहां कमी महज दो प्रतिशत रह गई है। इसके मुकाबले पूर्वी यूपी में 473.4 मिमी बारिश हुई, जबकि सामान्य आंकड़ा 589.6 मिमी है। यहां 20 प्रतिशत की कमी बनी हुई है। पूर्वी व पश्चिमी दोनों अंचलों को मिलाकर प्रदेश में अब तक 483.7 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जबकि सामान्य बारिश 556.2 मिमी है। इस तरह पूरे प्रदेश में मानसूनी बारिश अब महज 13 फीसदी कम हैजिसे मौसम विभाग सामान्य के दायरे में मानता है।



अगस्त में मेरठ, मुजफ्फरनगर और संभल में सामान्य से 60 प्रतिशत से अधिक बारिश हुई है। इसके अलावा चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, बिजनौर, एटा, फिरोजाबाद और हमीरपुर में बारिश सामान्य से 20 से 59 प्रतिशत तक अधिक रही।इस तरह कुल 29 जिलों में बारिश सामान्य रही। इनमें लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी, आगरा, बरेली, गाजियाबाद, नोएडा, मिर्जापुर, सोनभद्र, सुलतानपुर समेत कई जिले शामिल हैं।

**नौ जिलों में औसत से 60 फीसदी कम हुई बारिश**

भदोही, देवरिया, जौनपुर, कानपुर देहात, कुशीनगर, मऊ, गाजियाबाद, पीलीभीत और शामली समेत नौ जिले ऐसे हैं जहां बारिश सामान्य से 60 प्रतिशत तक या उससे अधिक कम रही है। वहीं प्रदेश के 27 जिलों में सामान्य से 20 से 59 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इस तरह कुल 36 जिले सामान्य से कम बारिश की स्थिति में हैं।

## एसएन मेडिकल कॉलेज: जर्जर भवनों का ऑडिट शुरू, प्लास्टर गिरने से हुई थी बच्चे की मौत; मरम्मत की भी होगी जांच

एसएन मेडिकल कॉलेज में प्लास्टर गिरने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत के बाद बुधवार से जर्जर भवनों का ऑडिट शुरू कर दिया गया है। पांच सदस्यीय टीम भवनों की उम्र, पूर्व मरम्मत और उसकी गुणवत्ता की जांच करेगी, जबकि जर्जर हिस्सों में बैरिकेडिंग भी कराई जा रही है। आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज के जर्जर भवनों का ऑडिट बुधवार से शुरू हो गया। पांच सदस्यीय टीम ने पुराने भवनों की सूची बनाकर रिकॉर्ड खंगालने का काम किया। यह टीम मरम्मत की गुणवत्ता भी देखेगी। उधर, कुछ जर्जर भवनों में अब भी मरीजों का इलाज हो रहा है। बारिश होने से खतरे की संभावना बढ़ गई है। एसएन में बीते शुक्रवार को बच्चा वार्ड का प्लास्टर गिरने से खंदारी निवासी आमिर रिजवी के 10 साल के बेटे उमैर की मौत हो गई थी। उसे गंभीर निमोनिया था। इसके बाद से बच्चा वार्ड बंद कर दिया गया। जबकि वहीं मेडिसिन, बाल रोग, नेत्र रोग, एकेडमिक ब्लॉक, ओपीडी नंबर दो, पुस्तकालय, गेस्ट हाउस में मरीजों को उपचार देकर भर्ती भी किया जा रहा है। आरोप है कि इन भवनों की इमारत कई जगह जर्जर है।




प्लास्टर गिर रहा है, सरिया भी टूट रही हैं। जर्जर हिस्सों को बंद नहीं किया है। दो दिन से बारिश हो रही है। ऐसे में हादसे की आशंका बनी हुई है। उधर, ऑडिट टीम यह पता करने का प्रयास कर रही है कि भवन कितना पुराना है। इसकी कितनी बार मरम्मत हुई। कार्यदायी संस्था कौन रही। कार्य गुणवत्तापरक हुआ कि नहीं। इसमें एसएन के उप प्राचार्य डॉ. टीपी सिंह, डॉ. गजेंद्र विक्रम सिंह, डॉ. मनीष बंसल और लोक निर्माण विभाग के दो इंजीनियर शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि भवनों का ऑडिट करा रहे हैं। जर्जर हिस्सों पर बैरिकेडिंग भी कराई जा रही है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा: पीछे से ट्रक ने बस में मारी जोरदार टक्कर, तीन यात्रियों की मौत और 11 घायल

सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। बल्दीराय थाना क्षेत्र के टेरी गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रही निजी बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में सवार यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। बताया जा रहा है कि निजी बस गुड़गांव से बिहार की ओर जा रही थी। बस में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे। गुरुवार को जब बस बल्दीराय थाना क्षेत्र के टेरी गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से गुजर रही थी, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। अचानक हुई इस टक्कर से बस में बैठे यात्रियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

**टक्कर के बाद मची चीख-पुकार**

ट्रक की टक्कर इतनी तेज थी कि बस में सवार यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। कई यात्री बस के अंदर फंस गए, जबकि कुछ यात्रियों को चोटें आईं। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोग भी मौके पर पहुंच गए और राहत-बचाव कार्य में पुलिस की मदद करने लगे। हादसे की जानकारी मिलते ही एसडीएम प्रभात सिंह, सीओ बल्दीराय आशुतोष कुमार और थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया और स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकलवाया।

**घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया**

पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायल यात्रियों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने कुछ यात्रियों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को कुमारगंज के पीठला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। प्रशासन की ओर से घायलों के उपचार को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।



**तीन यात्रियों की मौत**

इस भीषण हादसे में बस सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान और उनके परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया पुलिस द्वारा की जा रही है। वहीं, हादसे में घायल हुए 11 यात्रियों का इलाज जारी है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी अस्पताल पहुंचकर घायलों की स्थिति की जानकारी लेते रहे।

**पुलिस ने शुरू की जांच**

हादसे के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ट्रक की तेज रफ्तार को हादसे की वजह माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि टक्कर किन परिस्थितियों में हुई और क्या ट्रक चालक की लापरवाही हादसे की वजह बनी। हादसे के बाद कुछ समय तक पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और यातायात को सामान्य कराया। सीओ बल्दीराय आशुतोष कुमार ने हादसे में तीन यात्रियों की मौत और 11 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। पुलिस का कहना है कि हादसे की विस्तृत जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह हादसा एक बार फिर एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार वाहनों और सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। खासकर पीछे से आने वाले भारी वाहनों की तेज गति कई बार बड़े हादसे का कारण बन जाती है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घायलों के स्वास्थ्य पर भी नजर रखी जा रही है।

## बदायूं में हादसा: डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दोस्त गंभीर घायल; अग्निवीर बनने का टूटा सपना



**बदायूं के बिसौली क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह डंपर की टक्कर से अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे तरुण यादव (19) की मौत हो गई। उसका साथी अर्पित यादव (18) गंभीर रूप से घायल है। दोनों ने अग्निवीर की लिखित परीक्षा पास कर शारीरिक दक्षता की तैयारी कर रहे थे। बदायूं के बिसौली क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक तरुण यादव की जान चली गई, जबकि दूसरा अर्पित यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवा अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा पास कर चुके थे और शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी में जुटे थे। हादसे के बाद डंपर लेकर चालक भाग गया। गांव गुलड़िया निवासी अर्पित (18 वर्ष) और तरुण उर्फ बाबू (19 वर्ष) मदनलाल इंटर कॉलेज में दौड़ लगाकर लौट रहे थे। सुबह करीब साढ़े सात बजे एक डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सड़क किनारे खंती में जा गिरी। दोनों युवक सड़क पर बुरी तरह घायल होकर गिर गए।**

**अर्पित की हालत नाजुक**

सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया। बरेली ले जाते समय तरुण ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अर्पित की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। उसका इलाज बरेली में जारी है।

**अग्निवीर बनने का सपना टूटा**

परिजनों ने बताया कि अर्पित और तरुण दोनों ने अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली थी। वे पिछले कुछ दिनों से मदनलाल इंटर कॉलेज परिसर में शारीरिक दक्षता परीक्षा की कड़ी तैयारी कर रहे थे। बृहस्पतिवार सुबह भी वे इसी तैयारी के बाद अपने घर लौट रहे थे। तरुण अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, जिससे परिवार का सहारा छिन गया। इस घटना से उनके अग्निवीर बनने का सपना अधूरा रह गया। तरुण के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## स्टार्टअप से यूनिकॉर्न तक: टोक्यो में पीयूष गोयल ने गिनाई भारत की कामयाबी, बोले- युवा अब नौकरी ले नहीं, दे रहे

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने टोक्यो में कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' के 10 वर्षों में भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से बढ़ा है और देश में स्टार्टअप्स की संख्या करीब 400-500 से बढ़कर लगभग 2.5 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा अब नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार देने वाले उद्यमी बन रहे हैं। जापान के टोक्यो में स्टार्टअप्स के साथ एक राउंडटेबल बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा है। उन्होंने कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' पहल को शुरू हुए अब 10 साल हो चुके हैं और इस दौरान देश में स्टार्टअप्स की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। दस साल पहले जहां इनकी संख्या महज 400-500 के आसपास थी, वहीं आज यह आंकड़ा करीब 2,50,000 तक पहुंच गया है। भारत में 130 से अधिक यूनिकॉर्न हैं और करीब आधे नए स्टार्टअप छोटे शहरों से सामने आ रहे हैं। गोयल ने भारत से जापान पहुंचे 200 से अधिक कारोबारियों के प्रतिनिधिमंडल को भी दोनों देशों के कारोबारी रिश्तों के लिए अहम बताया।

**'युवाओं की सोच में आया बड़ा बदलाव'**

गोयल ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा इसके साथ ही युवाओं की सोच में भी बड़ा बदलाव आया है। आज भारत का युवा सिर्फ नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बन रहा है। वह इनोवेटर है, विचारक है और नए विचारों के साथ आगे बढ़ रहा है। वह असफलता से घबराने के बजाय उसे सफलता की सीढ़ी बनाने के लिए तैयार है। वह असफल होने के बाद फिर उठकर बेहतर अवसर की तलाश करने का हौसला रखता है और जोखिम लेने से भी पीछे नहीं हटता। युवा अच्छे करियर और मोटी सैलरी का जोखिम उठाकर अपना उद्यम शुरू करने के लिए तैयार हैं और इनमें से कई कामयाबी की नई मिसाल बनकर उभरे हैं। गोयल ने कहा कि भारत में 130 से अधिक यूनिकॉर्न और कई सौ 'सूनिकॉर्न' हैं। ये युवा अपनी उपलब्धियों के साथ-साथ अलग तरीके से सोचने और नए रास्ते तलाशने की क्षमता से भी देश को गौरवान्वित कर रहे हैं।




**छोटे शहरों से निकल रहे हैं नए स्टार्टअप**

पीयूष गोयल ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और आज उद्यमिता केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि भारत में शुरू होने वाले नए स्टार्टअप्स में करीब आधे छोटे शहरों से आ रहे हैं। यह बदलाव देश के बदलते कारोबारी माहौल और युवाओं में बढ़ती उद्यमशीलता को दर्शाता है। गोयल ने कहा कि छोटे शहरों से आने वाले इन उद्यमियों पर भारत को गर्व है।

**'शार्क टैंक' की तर्ज पर होगी स्टार्टअप प्रस्तुति श्रृंखला**

गोयल ने भारत और जापान के बीच स्टार्टअप्स के लिए लोकप्रिय कार्यक्रम 'शार्क टैंक' की तर्ज पर एक विशेष प्रस्तुति श्रृंखला शुरू करने का प्रस्ताव रखा। इसका उद्देश्य दोनों देशों के युवा स्टार्टअप्स को निवेशकों और संभावित कारोबारी साझेदारों से जोड़ना है। टोक्यो में स्टार्टअप्स को लेकर आयोजित एक गोलमेज बैठक में गोयल ने कहा कि डिजिटल संपर्क का लाभ उठाते हुए इन प्रस्तुतियों का आयोजन ऑनलाइन भी किया जा सकता है, जिससे भारतीय और जापानी स्टार्टअप्स के बीच बातचीत और सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे। पीयूष गोयल ने कहा, 'भारत और जापान मिलकर 'शार्क टैंक' जैसी एक प्रस्तुति श्रृंखला विकसित कर सकते हैं, जिससे युवा स्टार्टअप्स को अपने विचार पेश करने का मौका मिलेगा।' भारतीय स्टार्टअप्स जापानी निवेशकों के सामने अपने विचार और कारोबारी योजनाएं रख सकते हैं, जबकि जापानी स्टार्टअप्स भारत में अपने लिए साझेदार और कारोबारी अवसर तलाश सकते हैं।

**ऑनलाइन बैठकों से बढ़ेगा दोनों देशों के स्टार्टअप्स का संपर्क**

गोयल ने कहा कि आज इंटरनेट और वीडियो बैठक जैसे माध्यमों के जरिए दुनिया पहले से कहीं अधिक जुड़ी हुई है। ऐसे में भारत और जापान के स्टार्टअप्स के बीच लगातार प्रस्तुति सत्र आयोजित किए जा सकते हैं। इंटरनेट और वीडियो बैठकों के जरिए दुनिया के इस वैश्विक जुड़ाव के दौर में हम अधिक से अधिक प्रस्तुति सत्र आयोजित कर सकते हैं, जहां भारतीय स्टार्टअप्स जापानी निवेश के लिए अपने विचार पेश करें और जापानी स्टार्टअप्स भारत में साझेदार तलाशें।

**विचार पेश करने से आगे बढ़कर निवेश और कारोबार पर जोर**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि इस पहल का मकसद केवल स्टार्टअप्स को अपने विचार पेश करने का मंच देना नहीं, बल्कि शुरुआती प्रस्तुतियों को वास्तविक कारोबारी सहयोग में बदलना है। उन्होंने कहा कि हम साथ मिलकर अधिक कारोबारी संपर्क विकसित करें और प्रस्तुतियों से आगे बढ़कर प्रायोगिक परियोजनाओं, निवेश और बड़े स्तर पर विस्तार की दिशा में आगे बढ़ें।"

**जापानी कंपनियों और स्टार्टअप्स को भारत आने का न्योता**

पीयूष गोयल ने जापान की कंपनियों और स्टार्टअप्स को भारत के साथ मिलकर काम करने का न्योता भी दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग से व्यापक स्तर पर समृद्धि और नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी को भारत आने और हमारे साथ मिलकर काम करने का हार्दिक निमंत्रण है। क्योंकि जापान और भारत मिलकर अच्छे काम, समृद्धि और बेहतर भविष्य के लिए एक ऐसी ताकत बन सकते हैं, जिसका प्रभाव कई गुना बढ़ सकता है।

**जापान की धैर्यपूर्ण पूंजी और तकनीकी विशेषज्ञता का भारत में स्वागत**

गोयल ने जापान की 'धैर्यपूर्ण पूंजी' और सटीक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उसकी विशेषज्ञता को भारतीय कंपनियों के साथ जोड़ने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स के लिए लंबे समय तक निवेश बनाए रखने वाली पूंजी बेहद महत्वपूर्ण है। मैं भारत-जापान गहन तकनीकी पूंजी गलियारे का सुझाव देता हूं, जहां धैर्यपूर्ण पूंजी के बड़े स्रोत उपलब्ध हों। यह पूंजी केवल परिपक्व यूनिकॉर्न कंपनियों के लिए ही नहीं, बल्कि खास तौर पर शुरुआती चरण के वित्तपोषण के लिए हो, ताकि इन स्टार्टअप्स के विचारों और नवाचारों को सफल कहानियों में बदलने में मदद मिल सके।

**डिजाइन से बड़े पैमाने पर इस्तेमाल तक भारत में पूरा अवसर**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत डिजाइन से लेकर बड़े पैमाने पर उत्पादों की तैनाती तक पूरी श्रृंखला उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि भारत केवल नए उत्पादों के परीक्षण के लिए ही बड़ा बाजार नहीं है, बल्कि यहां उत्पादों को बेचने और बड़े स्तर पर लागू करने के भी पर्याप्त अवसर मौजूद हैं।

**विश्वविद्यालयों और निवेश संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर**

पीयूष गोयल ने दोनों देशों के विश्वविद्यालयों, स्टार्टअप सहायता केंद्रों और उद्यम पूंजी कोषों के बीच सहयोग बढ़ाने का सुझाव भी दिया। उनका कहना है कि ऐसे संस्थानों के बीच मजबूत संपर्क से नए विचारों, तकनीकी नवाचारों और निवेश के अवसरों को गति मिल सकती है।

## आतंकी पन्नू को फिर मिली जान से मारने की धमकी: एफबीआई और कनाडाई पुलिस ने किया सतर्क, यात्रा को लेकर कही यह बात

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दावा किया है कि एफबीआई और कनाडाई पुलिस ने उसकी जान को खतरा बताते हुए चेतावनी दी है। यह चेतावनी ऐसे समय मिली है, जब निखिल गुप्ता को पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में नवंबर को सजा सुनाई जानी है। एक खालिस्तानी आतंकी ने मंगलवार को कहा कि एफबीआई और रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने उन्हें चेतावनी दी है कि उनके जान को खतरा है।



वहीं,भारत के एक व्यक्ति को 2023 में उनके खिलाफ हत्या की साजिश रचने के लिए इस साल के अंत में सजा सुनाई जाएगी।

**एफबीआई एजेंट ने क्या चेतावनी दी है?**

सिख्स फॉर जस्टिस के जनरल काउंसल गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कहा कि पिछले गुरुवार को उनसे मिलने आए एफबीआई एजेंटों ने उन्हें चेतावनी दी थी कि जब तक खतरा टल नहीं जाता, तब तक उन्हें यात्रा नहीं करनी चाहिए। वहीं, अगर वे यात्रा करते हैं, तो उन्हें अपनी योजनाओं के बारे में एजेंसी को पहले से बताना होगा। उन्होंने बताया कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने मंगलवार को उन्हें फोन पर चेतावनी दी थी, हालांकि किसी भी कानून लागू करने वाली एजेंसी ने उस साजिश के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जिसका पता चला था। दोनों एजेंसियों से टिप्पणी के लिए भेजे गए संदेशों का तुरंत कोई जवाब नहीं मिला।

**क्या है ड्यूटी टू वॉर्न?**

पन्नू, जो एक अमेरिकी और कैनेडियन नागरिक है। उसने कहा कि उन्हें अमेरिका के 'ड्यूटी टू वॉर्न'(चेतावनी देने का कर्तव्य) कानून के तहत चेतावनी दी गई। यह कानून अमेरिकी खुफिया और कानून लागू करने वाली एजेंसियों को निर्देश देता है कि जब उन्हें हत्या, गंभीर शारीरिक नुकसान या अपहरण के विश्वसनीय और ठोस खतरों का पता चले, तो वे संबंधित व्यक्तियों को इसकी सूचना दें।यह नई धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत के निखिल गुप्ता, जिन्होंने फरवरी में साजिश के आरोपों में अपना जुर्म कबूल कर लिया था। उसे 2023 में पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट में 20 नवंबर को सजा होनी है।

**निखिल गुप्ता को क्या सजा मिल सकती है?**

एफबीआई ने कहा है कि गुप्ता को हत्या करने का निर्देश भारत सरकार के एक कर्मचारी ने दिया था। जब गुप्ता ने कोशिश की, तो अनजाने में उसने एक अंडरकवर लॉ एनफोर्समेंट ऑफिसर से बात की जो एक 'हिटमैन' (किराये का हत्यारा) बनकर बात कर रहा था। फेडरल सजा के नियमों के अनुसार, गुप्ता को कम से कम 20 साल जेल में बिताने पड़ सकते हैं। पन्नू, जो एक अलग सिख देश बनाने की वकालत करते हैं। उन्होंने मंगलवार को एक फोन इंटरव्यू में कहा 'मुझे उनकी जान से मारने की धमकियों से डर नहीं लगता।' हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का प्रशासन अमेरिका और कनाडा की संप्रभुता के लिए खतरों को लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करेगा। पन्नू ने खुद को एक सिख मानवाधिकार वकील बताया है जो पंजाब को ऐसी जगह बनाने के लिए अभियान चला रहे हैं जहां सभी धर्मों को समान अधिकार हों।

## पाकिस्तान में बड़ा हादसा: इस्लामाबाद के शीर्ष अस्पताल पीआईएमएस में लगी आग, 15 नवजातों की मौत




इस्लामाबाद के पीआईएमएस अस्पताल के स्त्री रोग वार्ड में बुधवार सुबह आग लग गई। हादसे में 15 नवजातों की मौत की खबर है। बता दें कि यह अस्पताल राजधानी के सबसे बड़ा अस्पताल है। वहीं, शुरुआती जांच में आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बुधवार को एक सरकारी अस्पताल के स्त्री रोग वार्ड में आग लगी। इसके कारण 15 नवजात शिशुओं की मौत हो गई। यह जानकारी 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार है। यह घटना राजधानी के सबसे बड़े और अच्छी सुविधाओं वाले सरकारी अस्पताल, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (PIMS) में हुई। जियो न्यूज ने बताया कि आग लगने की घटना में 15 बच्चों की मौत हो गई। हालांकि, हताहतों की संख्या के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**पीआईएमएस की प्रवक्ता ने क्या कहा?**

पीआईएमएस की प्रवक्ता डॉ. अनीजा जलील ने 'डॉन' अखबार को बताया कि जिस वार्ड में आग लगी, वहां 15 बच्चे थे। उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि रात में कुछ बच्चों को छुट्टी दे दी गई हो, इसलिए अभी हताहतों की सही संख्या नहीं बताई जा सकती।

**आग की वजह क्या है?**

घटना के कारण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी मालूम होती है। उन्होंने बताया कि आग सुबह करीब 7 बजे लगी थी। उन्होंने कहा कि आग बुझा दी गई है, लेकिन कूलिंग प्रोसेस में कुछ समय लगेगा। वहीं, रेस्क्यू अधिकारियों के अनुसार, अस्पताल की नर्सरी के अंदर एयर कंडीशनर का कंप्रेसर फटने के बाद की वजह से आग लगी। इसके बाद आग तेजी से फैल गई और वार्ड में धुआं भर गया।

**जांच समिति गठित की गई**

घटना की वजह और जांच के लिए जिला प्रशासन ने अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की है। प्रशासन के अनुसार, समिति आग लगने के असली कारण का पता लगाएगी और यह भी जांच करेगी कि घटना किन परिस्थितियों में हुई। इसके साथ ही कई अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं कोई चूक तो नहीं हुई।

## कैरिबियाई सागर में अमेरिका ने एक और नाव को बनाया निशाना: चार की मौत, ट्रंप के ड्रग्स अभियान पर क्यों उठे सवाल?




अमेरिकी सेना ने कैरिबियाई सागर में ड्रग तस्करी के लिए इस्तेमाल की जा रही संदिग्ध नाव पर हमला किया, जिसमें चार लोगों की मौत हुई। इसके साथ ही ऐसे अमेरिकी हमलों में मृतकों की संख्या 227 हो गई। ट्रंप प्रशासन के इस अभियान को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। अमेरिकी सेना ने मंगलवार को कैरिबियाई सागर में ड्रग्स की तस्करी के लिए इस्तेमाल की जा रही एक संदिग्ध नाव पर हमला किया, जिसमें चार लोग मारे गए। यह घटना लैटिन अमेरिका में कथित तस्करों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन के महीनों से चल रहे अभियान के दौरान हुई है।

**अबतक कितने लोगों की मौत हुई है?**

इस ताजा हमले के साथ ही अमेरिकी सेना के नावों पर किए गए हमलों में मारे गए लोगों की संख्या कम से कम 227 हो गई है। ये हमले 68 बार किए गए हैं और इनकी शुरुआत तब हुई थी जब ट्रंप प्रशासन ने लगभग एक साल पहले उन लोगों को निशाना बनाना शुरू किया, जिन्हें वे 'नार्को-टेररिस्ट' (नशीले पदार्थों के तस्कर और आतंकवादी) कहते हैं।

**सेना ने क्या कहा?**

पूर्वी प्रशांत महासागर और कैरिबियाई सागर में हमलों के बारे में सेना के ज्यादातर बयानों की तरह ही,अमेरिकी सदर्न कमांड ने कहा कि उसने तस्करी के जाने-पहचाने रास्तों पर कथित ड्रग तस्करों को निशाना बनाया। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया कि नाव से ड्रग्स की तस्करी हो रही थी। एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में एक चलती हुई नाव जैसी चीज की तस्वीर दिखी, जिसके बाद एक चमक (फ्लैश) दिखाई दी।

**इससे पहले कब हुआ था हमला?**

मंगलवार को हुआ यह हमला, पूर्वी प्रशांत महासागर में अमेरिकी सेना की ओर से एक नाव पर किए गए हमले के ठीक दो दिन बाद हुआ, जिसमें ड्रग्स की तस्करी के आरोपी दो लोग मारे गए थे। यह कार्रवाई कथित तस्करों के खिलाफ अमेरिकी अभियान में दो महीने से के ज्यादा अंतराल के बाद की गई थी।

**ट्रंप प्रशासन कौन-सी समझौता करने की कोशिश कर रहा?**

ट्रंप प्रशासन कई लैटिन अमेरिकी देशों में जमीन पर भी अपना हमलावर अभियान चलाने के लिए सहयोगी देशों के साथ समझौते करने की कोशिश कर रहा है। रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने इस महीने पनामा की यात्रा की। इस दौरान कहा कि कोलंबिया, ग्वाटेमाला और होंडुरास इस बात पर सहमत हो गए हैं कि अमेरिका उनकी जमीन पर आपराधिक समूहों के खिलाफ संयुक्त सैन्य अभियान चला सके। ग्वाटेमाला ने ऐसे किसी समझौते पर पहुंचने से इनकार किया। इक्वाडोर ने मार्च में अमेरिका के साथ इसी तरह के मिशन शुरू किए थे।

**हमले को लेकर क्या सवाल उठे?**

आलोचकों ने नावों पर किए गए हमलों की कानूनी वैधता और उनकी प्रभावशीलता पर सवाल उठाए हैं, आंशिक रूप से इसलिए क्योंकि कई जानलेवा ओवरडोज के लिए जिम्मेदार फेंटानिल की तस्करी आमतौर पर मेक्सिको से जमीन के रास्ते अमेरिका में की जाती है, जहां इसे चीन और भारत से आयातित रसायनों से बनाया जाता है। इन हमलों की कुछ डेमोक्रेटिक सांसदों और सैन्य कानून के जानकारों ने कड़ी आलोचना की है। सितंबर 2025 की शुरुआत में अमेरिकी सेना की ओर से किए गए पहले हमले ने कुछ सांसदों और सैन्य कानून के अध्ययन करने वालों के बीच विशेष चिंता पैदा की थी।

# महंगा हुआ चावल: दाम में 15 फीसदी उछाल, निर्यात ने फिर भी पकड़ी रफ्तार;

घरेलू बाजार में चावल की कीमतों में हालिया तेजी के बीच भारत के निर्यात कारोबार में भी मजबूती देखने को मिली है। नवंबर 2025 से मार्च 2026 के दौरान बासमती और गैर-बासमती चावल की विदेशों में आपूर्ति 47.9 लाख टन रही। इसी अवधि में खुदरा बाजार में कई किस्मों के दाम बढ़े, जिसमें प्रीमियम बासमती सबसे अधिक महंगा हुआ। उधर, दलहन किसानों को फसल बेचने में सुविधा देने के लिए नैफेड और एनसीसीएफ देशभर में 500 नए खरीद केंद्र शुरू करने की तैयारी में हैं।एक तरफ जहां देश में चावल के दाम में तेजी आ रही है, वहीं इसके निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 26 प्रमुख उपभोक्ता देशों को भारत का चावल निर्यात सिर्फ पांच महीनों तीन साल की नई उचाई पर आ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच बासमती और गैर-बासमती चावल का कुल निर्यात 23,476 करोड़ रुपये और 47.9 लाख टन तक पहुंच गया।पश्चिम एशिया संकट के कारण खाड़ी क्षेत्रों में चावल का आयात घट गया है। इसके बावजूद भारत का निर्यात प्रभावित नहीं हुआ है। भारतीय चावल निर्यातक महासंघ (आईआरईएफ) के अनुसार, पिछले तीन वर्षों की इसी अवधि (नवंबर-मार्च) के औसत की तुलना में निर्यात मूल्य में 1.1 प्रतिशत और मात्रा में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।




नैफेड के प्रबंध निदेशक दीपक कुमार के मुताबिक, खरीफ सीजन की दालें जल्द बाजार में आने वाली हैं। इन केंद्रों पर अरहर के साथ ही चना और उड़द जैसी प्रमुख दालों की खरीद होगी। दाल उत्पादन वाले राज्यों में महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान और उत्तर प्रदेश प्रमुख रूप से शामिल हैं। नैफेड देश के करीब 50 जिलों में किसानों के बीच अभियान चलाकर पोर्टल पर उनका पंजीकरण कराएगा।

**15% बढ़े दाम तीन हफ्ते में**

पिछले दो-तीन हफ्तों में चावल की खुदरा कीमतों में करीब 15 फीसदी की तेजी आई है। कई किस्मों के चावल 15-20 रुपये प्रति किलो तक महंगे हो गए हैं। सबसे अधिक तेजी प्रीमियम बासमती में देखी जा रही है। इसका भाव 85 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 110 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। साधारण और परमल चावल की किस्मों में भी प्रति क्विंटल 100 से 500 रुपये की बढ़ोतरी हो चुकी है।

**दालों की खरीद के लिए खुलेंगे 500 नए केंद्र**

दलहन उत्पादकों को उनकी फसल का उचित मूल्य देने और बिक्री की परेशानियों से बचाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नैफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड दोनों मिलकर देशभर में 500 नए केंद्र खोलेंगे। ये दोनों एजेंसियां किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सीधा दालों की खरीद करेंगी।



## सर्वे: दूसरी छमाही में रियल एस्टेट-आईटी में बंपर नौकरियों आसार, एफएमसीजी दूसरे स्थान पर; कहां ज्यादा मौका?




योग्य लोगों का चयन बड़ी चुनौती : सीआईआई की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, देश में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की संख्या और उनके कार्यक्षेत्र का दायरा लगातार बढ़ रहा है, लेकिन उनकी सबसे बड़ी चुनौती योग्य उम्मीदवारों का चयन है। जीसीसी किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी ऐसे विदेशी ऑफिस हैं, जो वैश्विक स्तर पर तकनीकी और अनुसंधान जैसे महत्वपूर्ण कार्य संभालते हैं।सर्वे में यह भी सामने आया कि एआई से फिलहाल नौकरियों पर कोई बड़ा खतरा नहीं है। 86% एचआर लीडर्स ने कहा कि एआई से निकट भविष्य में बड़ी छंटनी की संभावना नहीं है।

एक सर्वेक्षण में सामने आया है कि साल की दूसरी छमाही में रियल एस्टेट और आईटी में भर्ती बढ़ सकती है। एफएमसीजी सेक्टर भी आगे रहेगा। क्या रोजगार बाजार में तेजी लौटने वाली है?भारत के जॉब मार्केट में 2026 की दूसरी छमाही में भी नए रोजगार सृजन की अच्छी उम्मीद है। नौकरी डॉट कॉम का दावा है कि इस अवधि में भर्तियां जारी रहेंगी और रियल एस्टेट व आईटी सेक्टर में सर्वाधिक रोजगार पैदा होंगे। कंपनी के हायरिंग आउटलुक सर्वे 2026 के मुताबिक, रियल एस्टेट में 86 फीसदी, एफएमसीजी में 85 फीसदी और आईटी क्षेत्र में 83 फीसदी एचआर लीडर्स ने नई नौकरियों के सृजन की संभावना जताई है। आईटी सेक्टर का आंकड़ा पहली छमाही के 79 फीसदी से बढ़कर अब और मजबूत हुआ है।

## प्याज संकट से राहत की कवायद: सरकार ने उठाया बड़ा कदम, 35 रुपये प्रति किलो के भाव पर लोगों को बेची जाएगी

केंद्र सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब दिल्ली में गुरुवार से 35 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज मिलेगा। यह कदम 1.21 लाख टन के बफर भंडार से आपूर्ति और विशेष परिवहन व्यवस्थाओं के जरिये उठाया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और थोक बाजारों में भी नरमी आई है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।देश में प्याज की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। गुरुवार से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में उपभोक्ताओं को 35 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज उपलब्ध कराया जाएगा। वर्तमान में खुदरा बाजार में प्याज की कीमतें कई स्थानों पर 55 से 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई हैं। सरकार ने अपने मूल्य स्थिरीकरण कोष का उपयोग कर बाजार में हस्तक्षेप का निर्णय लिया है।




यह कदम पिछले एक महीने में प्याज की कीमतों में तेज उछाल के बीच उठाया गया है। 25 अगस्त को देशभर में प्याज का औसत खुदरा मूल्य 44.72 रुपये प्रति किलो दर्ज किया गया था। 25 जुलाई को यह 34.80 रुपये प्रति किलो था, यानी एक महीने में कीमतों में 28 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई। अगस्त 2025 के मुकाबले इस वर्ष कीमतें लगभग 56 फीसदी बढ़ चुकी हैं। बाजार में उतारा जा रहा प्याज वर्ष 2026 के लिए बनाए गए 1.21 लाख टन के बफर भंडार का हिस्सा है। इसका उद्देश्य कीमतों में तेजी को रोकना और उपभोक्ताओं को राहत देना है।सरकार का मानना है कि बफर भंडार से चरणबद्ध आपूर्ति और विशेष परिवहन व्यवस्थाओं से बाजार में उपलब्धता बढ़ेगी। इससे आने वाले दिनों में प्याज की कीमतों पर दबाव कम होगा

## मेटा पर कार्रवाई: बच्चों की मानसिक सेहत से खिलवाड़ मामले में चुकाने पड़ेंगे 17 अरब डॉलर,




**सोशल मीडिया की लत को लेकर मेटा पर क्या आरोप थे?**

साल 2023 में कैलिफोर्निया सहित 29 राज्यों ने मेटा पर मुकदमा किया था। आरोप था कि उसने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर जानबूझकर ऐसे एडिक्टिव फीचर्स बनाए, जिन्होंने बच्चों को सोशल मीडिया का आदी बनाकर उनकी मानसिक सेहत को भारी नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा, मेटा पर बिना अभिभावक की सहमति के 13 साल से कम उम्र के बच्चों का डेटा इकट्ठा करने का भी आरोप था।जी हां, ऑकलैंड की फेडरल कोर्ट में पिछले हफ्ते ही सुनवाई शुरू हुई थी, जहां सीईओ मार्क जुकरबर्ग को गवाही देनी थी। हालांकि, इस समझौते ने ट्रायल को बीच में ही खत्म कर दिया। सुनवाई के दौरान इंस्टाग्राम प्रमुख एडम मोसेरी ने गवाही देकर मेटा की बाल सुरक्षा नीतियों का बचाव किया था।यह पूरा मामला साल 2021 में 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' की रिपोर्ट के बाद शुरू हुआ, जिसमें खुलासा हुआ था कि मेटा को पहले से पता था कि इंस्टाग्राम किशोरियों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है।

### क्या सोशल मीडिया की लत बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को बर्बाद कर रही है? जानिए क्यों मेटा को फेसबुक-इंस्टाग्राम पर कड़े सेफ्टी फीचर्स लगाने और 17 अरब डॉलर का जुर्माना देने के लिए मजबूर होना पड़ा। पूरी स्टोरी पढ़ें।

**क्या है यह ऐतिहासिक समझौता और इसके लिए मेटा को कितनी कीमत चुकानी होगी?**

इस समझौते के तहत मेटा 47 राज्यों के दावों को निपटाने के लिए 17 अरब डॉलर चुकाएगा। अकेले वर्जीनिया को इससे 353 मिलियन डॉलर मिलेंगे, जो उसके इतिहास का सबसे बड़ा समझौता है। हालांकि यह राशि मेटा के साल 2025 के 201 अरब डॉलर के कुल राजस्व का छोटा हिस्सा है, लेकिन इससे बच्चों की सुरक्षा बढ़ाने की कानूनी बाध्यता लागू हो गई है।




कैलिफोर्निया के ऑकलैंड में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और सोशल मीडिया की लत से जुड़े एक ऐतिहासिक मुकदमे को खत्म करने के लिए फेसबुक और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा ने 17 अरब डॉलर का भारी-भरकम भुगतान करने पर सहमति जताई है। इसके साथ ही कंपनी को बच्चों की सुरक्षा के लिए अपने प्लेटफॉर्म्स पर कड़े सेफ्टी फीचर्स भी जोड़ने होंगे। यह अमेरिकी इतिहास में उपभोक्ता सुरक्षा का अब तक का सबसे बड़ा समझौता है। 47 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने बुधवार को इसकी घोषणा की, जिससे सोशल मीडिया जवाबदेही का नया दौर शुरू होगा। इस मुकदमे में आधिकारिक तौर पर कोई निश्चित जुर्माने की राशि नहीं मांगी गई थी, लेकिन मेटा ने अदालत में कहा था कि नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना 1.4 ट्रिलियन डॉलर तक जा सकता था, जिसे कानूनी विशेषज्ञों ने असंभव बताया था। अब इस 17 अरब डॉलर के समझौते और नए सेफ्टी फीचर्स के लागू होने के साथ, बच्चों की डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र में एक ठोस कानूनी मिसाल कायम हो गई है।

## Gold-Silver Price: सोने की चमक फिर बढ़ी, चांदी 2.5 लाख के पार; तांबा-जिंक समेत इन धातुओं में भी बढ़े दाम



अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने ने सोमवार को 4729.70 डॉलर प्रति औंस का उच्च स्तर छुआ। वहीं घरेलू बाजार एमसीएक्स पर सोने ने 1.43 फीसदी की तेजी के साथ 164,758 रुपये प्रति 10 ग्राम का उच्चतम स्तर छुआ। चांदी में भी लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त जारी रही। सोमवार को यह 3,500 रुपये चढ़कर 2,53,500 रुपये प्रति किलोग्राम के चार महीने से अधिक के शीर्ष स्तर पर पहुंच गई। कॉमेक्स पर चांदी ने 69.66 डॉलर प्रति औंस का शीर्ष स्तर छुआ।

**एल्युमीनियम और जिंक में गजब की तेजी**

पिछले दो महीने में तांबा 9.68%, एल्युमीनियम 4.88 फीसदी और जिंक 15.48 फीसदी चढ़ा है। जबकि एक साल में तांबा 54.74 फीसदी, एल्युमीनियम 38.45 फीसदी, लेड 9.24 फीसदी और जिंक 55.46 फीसदी महंगा हुआ है।

Gold-Silver Price: त्योहारों से पहले सोना-चांदी समेत औद्योगिक धातुओं के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। तांबा, एल्युमीनियम, जिंक और लेड महंगे होने से पंखे, एसी, फ्रिज, टीवी, वाहन और घर बनाने की लागत बढ़ सकती है। ऐसे में क्या आने वाले दिनों में आम लोगों की जेब पर महंगाई का बोझ और बढ़ेगा? पढ़िए रिपोर्ट- त्योहारों से ठीक पहले कमोडिटी बाजार में हलचल मची हुई है। कीमती धातुओं और औद्योगिक धातुओं दोनों में एकसाथ तेजी आ रही है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग द्वारा बॉन्ड बायबैक कार्यक्रम के विस्तार के बाद डॉलर सूचकांक गिरकर 98 के स्तर पर आ गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सभी धातुओं की कीमत डॉलर में तय होती है। डॉलर कमजोर होने पर खरीदारों के बीच मेटल्स की मांग बढ़ गई है, जिसका असर कीमतों पर दिखाई दे रहा है। अगर कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं, तो जल्द ही तमाम चीजें महंगी होंगी।



## The Bonus Market Update: शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव, शुरुआती तेजी के बाद सेंसेक्स और निफ्टी सपाट




एनएसई पर बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, बीईएल, एटरनल, ओएनजीसी, टाटा स्टील, इंफोसिस, रिलायंस, सिप्ला, अदाणी पोर्ट्स और ट्रेंट शीर्ष लाभ वाले शेयरों में शामिल थे। वहीं, एचडीएफसी बैंक, हिंडाल्को, ग्रासिम, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, कोल इंडिया, टीसीएस और मारुति शीर्ष नुकसान वाले शेयरों में रहे। बीएसई पर टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, कोटक बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल और एटरनल शीर्ष लाभ वाले शेयर थे। एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड, हिंडाल्को, टीसीएस, मारुति और इंडिगो शीर्ष नुकसान वाले शेयरों में शामिल थे।बाजार विश्लेषक विपिन डिक्सना के अनुसार, आज की शुरुआत "उत्साहजनक" थी, क्योंकि निफ्टी ने कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और एनवीडिया के मजबूत नतीजों के कारण सकारात्मक रुख के साथ शुरुआत की। उन्होंने कहा कि अब यह देखना होगा कि बाजार इन शुरुआती बढ़त को बनाए रख पाता है या नहीं। डिक्सना ने बताया कि कल की कमजोरी मुख्य रूप से आईटी शेयर और रिलायंस के कारण थी।

भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने गुरुवार को तेजी के साथ कारोबार की शुरुआत की। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और एनवीडिया के मजबूत नतीजों से बाजार को समर्थन मिला। हालांकि, शुरुआती बढ़त ज्यादा देर तक नहीं टिकी और सूचकांक जल्द ही नकारात्मक दायरे में फिसल गए। ऑटो और सीमेंट शेयरों पर दबाव साफ देखा गया।निफ्टी 24,277.60 पर खुला और रिपोर्टिंग के समय 24,194.40 पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद स्तर 24,207.75 से 13.35 अंक या 0.06 फीसदी नीचे था। इसी तरह, सेंसेक्स 77,576.76 पर खुला और 77,452.09 पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद स्तर 77,472.94 से 20.85 अंक या 0.03 फीसदी नीचे था। अधिकांश व्यापक बाजार सूचकांक सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। हालांकि, क्षेत्रवार निफ्टी ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, सीमेंट और पीएसयू बैंक सूचकांक शुरुआती कारोबार में लाल निशान में थे। कमोडिटी बाजार में ब्रेंट क्रूड करीब 87.39 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर था, जबकि कच्चा तेल करीब 81.82 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# सलमान पर लगे कई बड़े आरोप बीइंग ह्यूमन नोटिस मामले पर वकील का नया खुलासा



Salman Khan: हाल ही में सलमान खान को चंडीगढ़ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की तरफ से नोटिस जारी किया गया। इस मामले में वकील राजविंदर राज ने नए खुलासे किए हैं। चंडीगढ़ की ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास डॉ. अंबिका शर्मा की अदालत ने कथित फ्रेंचाइजी विवाद से जुड़े मामले में सलमान खान, अलवीरा खान अग्निहोत्री और ट्रस्ट 'बीइंग ह्यूमन' को नोटिस जारी किया है। नोटिस को लेकर वकील राजविंदर राज ने नए खुलासे किए हैं। उनके मुताबिक उनके क्लाइंट को बॉलीवुड अभिनेता या ट्रस्ट से कोई मदद नहीं मिली है।

क्या बोले अरुण गुप्ता के वकील?

एएनआई से बात करते हुए राजविंदर राज ने बताया कि उनके क्लाइंट ने दो करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया था, लेकिन मदद न मिलने के कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

- उन्होंने कहा कि सलमान खान और उनकी बहन का एक ट्रस्ट है, 'बीइंग ह्यूमन'।
- उन्होंने चंडीगढ़ में अपना पहला ज्वेलरी शोरूम खोला था।
- इसकी फ्रेंचाइजी मनीमाजरा के रहने वाले मेरे क्लाइंट अरुण गुप्ता को दी गई थी।
- मेरे क्लाइंट को सलमान खान या ट्रस्ट से कोई मदद नहीं मिली।
- उन्होंने 2 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया था, और मदद न मिलने की वजह से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

**वकील ने सलमान पर लगाए आरोप**

वकील ने यह भी बताया कि सलमान खान ने क्लाइंट को बिग बॉस हाउस में बुलाया था। उन्होंने आगे कहा, 'कोर्ट ने उन्हें नोटिस भेजा है; अब वे अपने वकील के जरिए पेश हो सकते हैं। नोटिस भेजा जा चुका है. जब ब्रांड लॉन्च हुआ था, तो सलमान खान ने मेरे क्लाइंट को बिग बॉस हाउस में बुलाया था। उन्होंने पहले शोरूम के लॉन्च के प्रचार के लिए खुद चंडीगढ़ आने का वादा किया था, लेकिन वे कभी नहीं आए। न तो उन्होंने और न ही ट्रस्ट ने इस मामले में आगे कोई कार्रवाई की। फ्रेंचाइजी के अधिकार 'स्टाइल कोशिएंट ज्वेलरी' को सौंप दिए गए थे, फिर भी उस तरफ से भी कोई जवाब नहीं मिला... अगली तारीख 5 अक्टूबर, 2026 है।'ये नोटिस 'अरुण गुप्ता बनाम स्टाइल कोशिएंट ज्वेलरी प्राइवेट लिमिटेड' मामले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 223 के तहत मामले पर संज्ञान लेने से पहले के चरण में जारी किए गए थे। कोर्ट ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर जवाब मांगा है

# क्या तीसरे सुपरस्टार खान के साथ काम करने वाले हैं राजकुमार हिरानी? सलमान को लेकर फिल्ममेकर ने कही ये बात




Salman Khan: राजकुमार हिरानी से पूछा गया कि क्या वह आमिर खान और शाहरुख खान के साथ काम करने के बाद क्या सलमान खान के साथ काम करना चाहेंगे। जानिए इस पर फिल्ममेकर ने क्या कहा है? मशहूर फिल्ममेकर राजकुमार हिरानी ने पिछले कुछ वर्षों में बॉलीवुड के कई बड़े स्टार्स के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाई हैं। इनमें संजय दत्त के साथ 'मुन्ना भाई' फ्रैंचाइजी, रणबीर कपूर के साथ 'संजू', आमिर खान के साथ '3 इडियट्स' और शाहरुख खान के साथ 'डंकी' शामिल हैं। बॉलीवुड के दो खान- आमिर खान और शाहरुख खान के साथ काम करने के बाद, अब फैंस हिरानी को तीसरे खान, सलमान खान के साथ काम करते देखने के लिए बेताब हैं।

**दिलचस्प होगा सलमान और हिरानी का साथ में काम करना**

अगर हिरानी और सलमान कभी साथ आते हैं, तो उनका साथ काम करना बहुत खास होगा क्योंकि हिरानी का बॉलीवुड के बड़े स्टार्स के साथ काम करने का रिकॉर्ड शानदार रहा है और दर्शक भी लंबे समय से इन दोनों को साथ काम करते देखना चाहते हैं। सलमान ने पूरे किए 38 साल

खास बात यह है कि हिरानी ने सलमान के साथ संभावित सहयोग के बारे में 26 अगस्त, 2026 को एएनआई से बात की। यह वही दिन था जब बॉलीवुड सुपरस्टार, जिन्हें प्यार से 'भाईजान' कहा जाता है, ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने 38 साल पूरे किए।

इस मौके पर, सलमान खान फिल्म्स (SKF) ने एक खास सेलिब्रेशन वीडियो पोस्ट जारी किया, जिसमें उनके सबसे यादगार किरदारों, एक्शन और स्क्रीन पलों की झलक दिखाई गई और फैंस को पुरानी यादों में ले जाया गया।

पोस्ट में लिखा था, '38 साल। एक शानदार सफर। एक ऐसा नाम जो लोगों की भावना बन गया।' फिल्मों के साथ पर्दे पर बनाई पहचान

सुल्तान, दबंग, बजरंगी भाईजान और टाइगर फ्रेंचाइजी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ, खान ने भारतीय सिनेमा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले और भरोसेमंद स्टार्स में से एक के तौर पर अपनी पहचान बनाई है।

फिल्मों के अलावा, सलमान खान ने 'बिग बॉस' को होस्ट करके टेलीविजन पर भी अपनी जबरदस्त पहचान बनाई है। 2010 से, उनकी हाजिरजवाबी, कंटेस्टेंट्स के साथ भावनात्मक जुड़ाव और दमदार होस्टिंग स्टाइल ने इस शो को टीवी दर्शकों के बीच हमेशा पसंदीदा बनाए रखा है

# भैया मेरे राखी के बंधन' से लेकर 'ये बंधन तो प्यार' तक बॉलीवुड के ये गाने रक्षाबंधन की खुशी को करेंगे दोगुना




Raksha Bandhan Songs: रक्षाबंधन के खास मौके पर हम आपको उन गानों के बारे में बता रहे हैं जो इस त्योहार के लिए बने हैं। ये गाने भाई-बहन के इस त्योहार पर सबके कानों में गूंजते हैं। आज भाई-बहन को समर्पित रक्षाबंधन का त्योहार है। देश ही नहीं विदेश में भी इस त्योहार को खूब धूमधाम से मनाया जाता है। इस त्योहार से बॉलीवुड भी अछूता नहीं है। बॉलीवुड फिल्मों में कई ऐसे गाने हैं, जो भाई-बहन के प्यार वाले त्योहार रक्षाबंधन पर बने हैं। आइए इनमें से कुछ गानों के बारे में जानते हैं।

**भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना- 'छोटी बहन'**

शैलेन्द्र की कलम से निकला ये गाना भाई-बहन के रिश्ते को बखूबी दर्शाता है। यह गाना रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा बजने वाले गानों में से एक है। इसे लता मंगेशकर ने आवाज दी है। वहीं इसे शंकर-जयकिशन ने संगीत दिया है।

**बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है- 'रेशम की डोरी'**

रक्षा बंधन पर सुने जाने वाले गानों में से यह सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला गाना है। इसे सुमन कल्याणपुर ने आवाज दी है। इसके बोल इन्दीवर ने लिखे हैं। शंकर-जयकिशन इसके संगीतकार हैं। इस गाने को जब भी सुना जाता है, यह रक्षाबंधन की याद दिला देता है। मेरे भैया मेरे चंदा- 'काजल'

साल 1965 में रिलीज हुई फिल्म 'काजल' का गाना 'मेरे भैया मेरे चंदा' आज भी बहुत मशहूर है। रक्षाबंधन के दिन यह गाना लगभग हर किसी के कानों में गूंजता है। इस गाने को दिग्गज गायिका आशा भोसले ने गाया है। रवि ने इसको संगीत दिया है।

इसी तरह से साल 1962 में रिलीज हुई फिल्म 'अनपढ़' का गाना 'रंग बिरंगी राखी लेकर आई बहना' भी बहुत मशहूर है। राजा मेहदी अली खान की कलम से निकले इस गाने को लता मंगेशकर ने गाया है।

ये बंधन तो प्यार का बंधन है- 'करण अर्जुन'

फिल्म 'करण अर्जुन' 1995 का गाना 'ये बंधन तो प्यार का बंधन है' आज रक्षाबंधन के मौके पर खूब सुना जाता है। गाने पर सलमान खान और शाहरुख खान ने परफॉर्म किया है। इस गने को कुमार सानू, उदित नारायण और अल्का याग्निक ने आवाज दी है। गाने के बोल राजेश रोशन के लिखे हैं।

- रक्षाबंधन के मशहूर गानेइसी तरह से रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा जो गाने सुने जाते हैं, वो इस तरह हैं...
- रक्षाबंधन वादा है या धागा है प्यार का
- एहसास दिल के रिश्ते का
- धागों से बांधा
- हम तो ऐसे हैं भैया
- हम बहनों के लिए
- प्यारा भैया मेरा
- ये राखी बंधन है ऐसा
- मेरी प्यारी बहनिया बनेगी दुल्हनिया



# नेपाल बाढ़: सोनू सूद ने बढ़ाया मदद का हाथ बोले- 'तुम अकेले नहीं हो नेपाल' मनीषा कोइराला बोलीं- 'दुआ करिए'



Severe flood in Nepal: तिब्बत की सीमा से लगे मध्य नेपाल के जिलों में बुधवार सुबह अचानक आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। सोनू सूद फिर मसीहा बने हैं। उन्होंने मदद का हाथ बढ़ाया है।

नेपाल के रसुवा क्षेत्र में भोटेकोशी नदी में आई भीषण बाढ़ के बाद हालात चिंताजनक हैं। इस प्राकृतिक आपदा में 95 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की गई है और 500 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। बाढ़ के हालातों के बीच सोनू सूद ने नेपाल के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। मनीषा कोइराला ने भी पोस्ट शेयर किया है।


**सोनू सूद बोले- 'हम आ रहे हैं'**

जरूरतमंदों की मदद की बात हो, तो अभिनेता सोनू सूद हमेशा आगे रहते हैं। बाढ़ के हालातों का सामना कर रहे नेपाल के लिए भी वे सपोर्ट में आए हैं। उन्होंने नेपाल के लोगों को हिम्मत देते हुए एक्स अकाउंट से पोस्ट साझा किया है।

सोनू सूद ने लिखा है, 'नेपाल, तुम अकेले नहीं हो। हम आपके लिए खाना, रहने की जगह और फिर से सब कुछ बनाने में मदद करने का हौसला लेकर आ रहे हैं'।

**मनीषा कोइराला ने साझा की संवेदनाएं**

नेपाली मूल की चर्चित बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया है। उन्होंने बाढ़ के इन हालातों में लोगों से नेपाल के लिए प्रार्थना करने की अपील की है।



# Aaj ka Rashifal 27 August

## कन्या सहित इन चार राशि वालों को मिलेगा बड़ा लाभ, भाग्य रहेगा मजबूत




**Horoscope Prediction Today:** 27 अगस्त 2026 का आज का राशिफल जानें और देखें मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर राशि वालों के लिए करियर, धन, प्रेम और सेहत के लिहाज से दिन कैसा रहेगा।

**Horoscope Prediction Today:** 27 अगस्त 2026 का दिन कुछ जातकों के लिए बेहद खास रहने वाला है। आज कुछ राशि वालों को नए अवसर मिल सकते हैं और जीवन में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने के साथ आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकती है। वहीं, कुछ लोगों को आज महत्वपूर्ण फैसले लेते समय सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आइए जानते हैं, आज का दिन आपके लिए कैसा रहेगा और किन मामलों में सफलता या सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

### मेष

आज कामकाज के मोर्चे पर कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं। ऑफिस में बॉस के साथ बहस करना आपके प्रमोशन या छवि पर असर डाल सकता है, इसलिए अपनी बात रखते समय शब्दों पर खास ध्यान दें। राजनीति से जुड़े लोगों को किसी बड़े नेता से मुलाकात का मौका मिल सकता है। सेहत थोड़ी परेशान कर सकती है, इसलिए लापरवाही न करें। आज किसी दूसरे का वाहन चलाने से बचें और कानूनी मामलों में हर कदम सोच-समझकर उठाएं।

### वृषभ

आज आपको अपने जरूरी कामों पर पूरा ध्यान देना होगा, क्योंकि छोटी सी लापरवाही भी परेशानी बढ़ा सकती है। संतान को नौकरी के सिलसिले में दूर जाना पड़ सकता है, जिससे मन थोड़ा भावुक रहेगा। दोस्तों के साथ पार्टी या मिलना-जुलना हो सकता है और इससे मूड भी बेहतर होगा। हालांकि, परिवार का कोई पुराना मुद्दा फिर से चर्चा में आकर तनाव पैदा कर सकता है। कोशिश करें कि बात को ज्यादा न बढ़ने दें।

### मिथुन

आज दूसरों के मामलों में जरूरत से ज्यादा दखल देने से बचना ही आपके लिए बेहतर रहेगा। अपने फैसले खुद लें और हर छोटी बात के लिए दूसरों पर निर्भर न रहें। कारोबार में चल रहा उतार-चढ़ाव धीरे-धीरे कम होने लगेगा। पिताजी की ओर से कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे गंभीरता से निभाना होगा। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी, लेकिन बढ़ते खर्चों पर नजर रखना जरूरी है। संतान से किया वादा हर हाल में पूरा करें।

### कर्क

आज का दिन थोड़ा उलझा हुआ रह सकता है। काम का दबाव बढ़ने से मन अशांत हो सकता है, लेकिन धैर्य और समझदारी से काम लेंगे तो स्थिति संभल जाएगी। संतान की पढ़ाई को लेकर चिंता हो सकती है। ऐसे में उनके शिक्षकों या मार्गदर्शकों से बातचीत करना फायदेमंद रहेगा। मां की सेहत को लेकर भी सतर्क रहने की जरूरत है। किसी परेशानी को टालने के बजाय समय पर उचित इलाज और सलाह लेना बेहतर होगा।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आप खर्चों को नियंत्रित करने की कोशिश करेंगे और विदेश से जुड़े किसी काम में अच्छी खबर मिल सकती है। किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा, जहां नए लोगों से संपर्क बन सकता है। नौकरी में जो परेशानियां पिछले कुछ समय से चल रही थीं, उन्हें दूर करने की आपकी कोशिश सफल हो सकती है। धैर्य बनाए रखें और किसी भी फैसले में जल्दबाजी न करें।

### कन्या

आज आर्थिक मामलों में राहत मिलने के मजबूत संकेत हैं। धन लाभ के साथ आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकती है और पैतृक संपत्ति से भी फायदा मिलने की संभावना है। भाई-बहनों का सहयोग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। पुराने गिले-शिकवे छोड़कर रिश्तों को नई शुरुआत देना आपके लिए बेहतर रहेगा। हालांकि, किसी बात को लेकर मन में बेचैनी रह सकती है। खुद को व्यस्त रखने और सकारात्मक सोच बनाए रखने से स्थिति बेहतर होगी।

### तुला

आज आपका मन सेवा, परोपकार और धार्मिक कार्यों की ओर आकर्षित रहेगा। पूजा-पाठ या किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होने का मौका मिल सकता है, जिससे मन को शांति मिलेगी। घर में भी धार्मिक माहौल बन सकता है। हालांकि, वैवाहिक जीवन में किसी बात को लेकर थोड़ी खटास पैदा हो सकती है। इसे बहस बनाने के बजाय शांत बातचीत से सुलझाने की कोशिश करें। संतान से किया हुआ वादा समय पर पूरा करना न भूलें।

### वृश्चिक

आज प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई बड़ा फैसला आपके सामने आ सकता है और नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। बैंक से संबंधित कोई जरूरी काम भी पूरा हो सकता है। किसी रिश्तेदार से मुलाकात लंबे समय बाद खुशी देगी। इस बीच अपने कीमती सामान और जरूरी दस्तावेजों को संभालकर रखें। कार्यक्षेत्र में कोई व्यक्ति आपके खिलाफ चाल चलने की कोशिश कर सकता है, इसलिए हर किसी पर आंख बंद करके भरोसा न करें। अपनी मेहनत और समझदारी पर भरोसा रखें।

### धनु

आज का दिन सकारात्मक रहेगा और आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आ सकते हैं। हालांकि, आसपास के लोगों को अच्छी तरह परखने के बाद ही किसी पर भरोसा करें। किसी काम को लेकर उलझन हो तो पिताजी की सलाह आपके लिए काफी उपयोगी साबित हो सकती है। यात्रा के दौरान कोई ऐसी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो आगे आपके काम आए। अपनी जिम्मेदारियों से बचने की कोशिश न करें, वरना घर या कार्यक्षेत्र में बड़ों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

### मकर

आज आय में बढ़ोतरी के संकेत हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। हालांकि, पुरानी गलतियों से सीखना जरूरी है, ताकि वही स्थिति दोबारा न बने। किसी को उधार देने से फिलहाल बचें। शेयर बाजार में निवेश से लाभ की संभावना है, लेकिन जोखिम समझकर ही कदम उठाएं। जीवनसाथी के साथ घूमने या कहीं बाहर समय बिताने का मौका मिलेगा, जिससे रिश्ते में नजदीकी बढ़ेगी। दिखावे के चक्कर में जरूरत से ज्यादा खर्च करने से बचें।

### कुंभ

आज आपकी जरूरतें बढ़ने के साथ खर्च भी तेजी से बढ़ सकते हैं। इसलिए पहले से बजट बनाकर चलना आपके लिए बेहतर रहेगा। अगर आपने किसी को पैसा उधार दिया है तो उसकी वापसी में देरी हो सकती है, इसलिए फिलहाल उस रकम पर निर्भर रहने से बचें। अच्छी बात यह है कि आपकी समझदारी और रणनीति से विरोधियों की चाल नाकाम हो सकती है। माता-पिता का आशीर्वाद और सहयोग आपके अटके हुए कामों को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

### मीन

आज आपको सबसे पहले अपनी सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए। कामकाज में सफलता मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप आगे बढ़ने के नए रास्तों पर विचार कर सकते हैं। बचत को मजबूत करने के लिए कोई नई योजना भी बना सकते हैं। संतान से किया हुआ वादा पूरा करना आपके लिए जरूरी होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में लापरवाही से बचना चाहिए, क्योंकि आज ध्यान भटकने से मेहनत प्रभावित हो सकती है। अनुशासन और फोकस बनाए रखेंगे तो अच्छे परिणाम मिलेंगे।

# Aaj Ka Love Rashifal

## इन 5 राशि वालों के प्रेम जीवन में आएंगी खुशियां, पढ़ें कैसा रहेगा आपका दिन



**Today Love Horoscope:** 27 अगस्त 2026 का आज का लव राशिफल जानें और देखें कि मेष से मीन तक सभी राशियों के लिए प्यार, रिश्ते, रोमांस और पार्टनर के साथ दिन कैसा रहेगा।

**Today Love Horoscope:** 27 अगस्त 2026 का दिन रिश्तों के लिहाज से कई राशियों के लिए खास रहने वाला है। आज कुछ जातकों के रिश्तों में प्यार और नजदीकियां बढ़ेंगी, तो वहीं कुछ लोगों को आपसी गलतफहमियों से बचने की जरूरत होगी। आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी 12 राशियों का आज का लव राशिफल।

# Raksha Bandhan 2026

## भाई की राशि के अनुसार बांधें राखी, सुख-समृद्धि के लिए अपनाएं ये उपाय




भाई की सुख-समृद्धि के लिए उनकी राशि के अनुसार आप उन्हें शुभ रंग की राखी बांध सकती हैं। आइए जानते हैं कि भाई की राशि के अनुसार बहनें उन्हें कौन-से रंग का रक्षासूत्र बांधे।

रक्षाबंधन का त्यौहार हिन्दू धर्म के बड़े त्यौहारों में से एक है, जिसे देश भर में धूमधाम और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी या रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी आयु और मंगल कामना करती हैं। इस पावन पर्व पर बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र को बांधती हैं और उनसे अपनी रक्षा का वचन लेती हैं। वहीं स्वास्थ्य की दृष्टि से भी रक्षासूत्र काफी फायदेमंद होता है। राखी बांधने से कफ, पित्त और वात जैसी कई बीमारियां दूर हो सकती हैं और अंतर्मन में भय नहीं सताता है। इतना ही नहीं भाई की सुख-समृद्धि के लिए उनकी राशि के अनुसार आप उन्हें शुभ रंग की राखी बांध सकती हैं। ज्योतिषाचार्य पं.मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि भाई की राशि के अनुसार बहनें उन्हें कौन-से रंग का रक्षासूत्र बांधे।

# सितंबर 2026 का मासिक राशिफल

## बदलेगी इन राशियों की किस्मत, जानें 12 राशियों के लिए कैसा बीतेगा माह?




सितंबर माह में कई प्रमुख ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों के करियर, आर्थिक स्थिति, स्वास्थ्य, शिक्षा और पारिवारिक जीवन पर अलग-अलग रूप में देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा सितंबर का महीना।

सितंबर 2026 ज्योतिषीय दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस महीने कई प्रमुख ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों के करियर, आर्थिक स्थिति, स्वास्थ्य, शिक्षा और पारिवारिक जीवन पर अलग-अलग रूप में देखने को मिल सकता है। महीने की शुरुआत 2 सितंबर को शुक्र के तुला राशि में प्रवेश से होगी। इसके बाद 7 सितंबर को बुध कन्या राशि में प्रवेश करेंगे, जहां उन्हें मजबूत स्थिति में माना जाता है। 17 सितंबर को सूर्य कन्या राशि में गोचर करेंगे, जबकि 18 सितंबर को मंगल कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। महीने के अंत में 26 सितंबर को बुध तुला राशि में गोचर करेंगे।

इसके अलावा शनि पूरे महीने मीन राशि में वक्री रहेंगे, जबकि राहु कुंभ और केतु सिंह राशि में स्थित रहेंगे। ऐसे में सितंबर का महीना कुछ राशियों के लिए करियर और आर्थिक मामलों में नए अवसर लेकर आ सकता है, वहीं कुछ राशि वालों को महत्वपूर्ण फैसले लेते समय धैर्य और सतर्कता बरतने की जरूरत होगी। ऐसे में आइए जानते हैं कि सितंबर का महीना सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहने वाला है।

मेष राशि के जातकों के लिए सितंबर महीने की शुरुआत बेहद शानदार रहने वाली है। इस दौरान आपको सौभाग्य का पूरा साथ मिलेगा

## आज का अंक राशिफल: इन मूलांक वालों को मिलेगी बड़ी सफलता, नई नौकरी की होगी प्राप्ति




Numerology Prediction Today: 27 अगस्त 2026 का अंक ज्योतिष आपके मूलांक के आधार पर आज के दिन की संभावनाएं बताएगा। जानें मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए करियर, धन, प्रेम और भाग्य के मामले में आज का दिन कैसा रहेगा।

**अंक 1**

आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने वाला रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आज किसी भी तरह का नया काम करना आपके लिए परेशानी पैदा कर सकता है। वहीं, किसी भी यात्रा पर जाने से पहले जरूरी सामान की जांच अवश्य कर लें।

**शुभ अंक- 6**

**शुभ रंग- लाल**

**अंक 2**

आज कुछ परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रह सकती हैं। घर-परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। इसके अलावा करियर को लेकर आपकी योजनाएं सफल होती नजर आएंगी। वहीं, सेहत में सुधार होगा|

# IND vs SL Live Score:

## सोनल दिनुषा का अर्धशतक नुवंथा के साथ साझेदारी जारी बढ़त 100 के पार




Live Cricket Score Today IND vs SL 2nd Test Day 5: नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। भारत और श्रीलंका के बीच दूसरे टेस्ट मैच का आज पांचवां दिन है। भारत ने कोलंबो टेस्ट में शिकंजा कस लिया है, लेकिन श्रीलंका ने भी बढ़त हासिल की है। फिलहाल श्रीलंका की दूसरी पारी जारी है।

**IND vs SL Live Score: श्रीलंका की बढ़त 100 के पार**

भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन श्रीलंका की बढ़त 100 रन के पार पहुंच गई है। श्रीलंका के लिए सोनल और नुवंथा ने शानदार साझेदारी की है।

**IND vs SL Live Score: नुवंथा-दिनषा की साझेदारी**

नुवंथा और दिनुषा के बीच सातवें विकेट के लिए शानदार साझेदारी जारी है। इन दोनों के बीच शतकीय साझेदारी पूरी होने के करीब है। पहले सत्र में भारतीय गेंदबाज विकेट के लिए संघर्ष करते दिख रहे हैं।

**IND vs SL Live Score: श्रीलंका की बढ़त 50 के पार**

श्रीलंका की बढ़त 50 रन के पार पहुंच गई है। श्रीलंका की दूसरी पारी जारी है और दिनुषा और नुवंथा की साझेदारी भी जारी है। भारतीय गेंदबाजों को अब विकेट की तलाश है।

**IND vs SL Live Score: भारत को विकेट की तलाश**

दिनुषा और नुवंथा के बीच सातवें विकेट के लिए साझेदारी जारी है। भारतीय गेंदबाजों को अब विकेट की तलाश है। श्रीलंका ने अब तक 40 रनों की बढ़त हासिल कर ली है।

# इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान:

**क्या लॉर्ड्स टेस्ट में वापसी करेंगे बाबर आजम?** **क्या लॉईस टेस्ट में वापसी करेंगे बाबर आजम?**




इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच गुरुवार से लॉर्ड्स में दूसरा टेस्ट मैच खेला जाना है। इस मैच से पहले पाकिस्तान के नियमित कप्तान बाबर आजम ने अपनी फिटनेस को लेकर अपडेट दिया है। उन्होंने बताया है कि वह 90 प्रतिशत फिट हैं। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला गुरुवार से लॉर्ड्स में शुरू होगा। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम चोट की वजह से पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे, लेकिन दूसरे टेस्ट उनके खेलने की संभावना है। हाथ की चोट से जूझ रहे बाबर आजम ने पिछले एक सप्ताह में फिट होने के लिए अच्छी ट्रेनिंग और कड़ी मेहनत की है और दूसरे टेस्ट में वापसी और टीम की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। पहले टेस्ट में सलमान अली आगा ने कप्तानी की थी। बाबर ने खुद को 90 प्रतिशत फिट बताया

बाबर ने मैच से पहले कहा, मैंने कुछ अभ्यास सत्र किए हैं और लॉर्ड्स टेस्ट के लिए 90 प्रतिशत फिट हूं। जब भी आप पाकिस्तान टीम की कप्तानी करते हैं, खासकर इस मैदान पर, तो यह सम्मान की बात होती है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा। चाहे मैं कप्तान के तौर पर मैदान पर हूं या बल्लेबाजी कर रहा हूं, मैं बस अपना गेम खेलूंगा।

किसकी होगी प्लेइंग-11 से छुट्टी?

बाबर आजम की वापसी अगर टीम में होती है, तो आउट ऑफ फॉर्म चल रहे युवा सलामी बल्लेबाज अजान अवैस को बाहर किया जा सकता है। आजम ने अब्दुल्ला शफीक को उनकी पसंदीदा जगह नंबर 4 से हटाने से इनकार कर दिया। शफीक शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं और उनके बल्लेबाजी क्रम से छेड़छाड़ उनके और टीम के लिए नुकसानदायक हो सकता है। बाबर ने कहा, टीम में वापसी के बाद शफीक ने तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की है। उन्हें वहां आत्मविश्वास है इसलिए वह वहीं खेलते रहेंगे। हमारे सीनियर बल्लेबाजों को और अधिक फोकस होकर खेलने की जरूरत है।

# बीसीसीआई एजीएम: कौन बनेगा आईपीएल का नया चेयरमैन? 18 सितंबर को मुंबई में होगा चुनाव इन मुद्दों पर रहेगी नजर

18 सितंबर को मुंबई में होने वाली बीसीसीआई एजीएम में आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के दो पदों पर चुनाव होगा, जिसमें चेयरमैन का पद भी शामिल है। इसके अलावा अंडमान-निकोबार को एसोसिएट सदस्यता देने, आईसीए प्रतिनिधि की नियुक्ति और बीसीसीआई ओम्बड्समैन-एथिक्स ऑफिसर पर भी अहम फैसले होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 18 सितंबर 2026 को मुंबई में आयोजित होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। बोर्ड ने एजीएम की जानकारी अपनी सभी 38 राज्य इकाइयों को भी दे दी है।

**अंडमान-निकोबार को मिल सकती है एसोसिएट सदस्यता**

एजीएम के एजेंडे में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की क्रिकेट एसोसिएशन को एजीएम की एसोसिएट सदस्यता देने का प्रस्ताव भी शामिल है। बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल की जून में हुई बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा की गई थी। एसोसिएट सदस्य को बीसीसीआई में मतदान का अधिकार नहीं होता। एजीएम में इस प्रस्ताव पर अंतिम फैसला लिया जा सकता है।

**आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के दो पदों पर चुनाव**

एजीएम के दौरान आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के दो निर्वाचित पदों के लिए चुनाव भी होगा। इनमें गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन का पद भी शामिल है। फिलहाल अरुण धूमल आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन हैं। बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी ए.के. ज्योति ने मंगलवार को चुनाव संबंधी नोटिस जारी कर दिया। नोटिस में बीसीसीआई के पूर्ण सदस्यों से अपने प्रतिनिधियों के नाम चुनावी सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

**31 अगस्त तक नामांकन**

चुनाव के लिए प्रतिनिधि नामित करने की अंतिम तारीख 31 अगस्त निर्धारित की गई है। वैध रूप से नामित उम्मीदवारों की सूची 11 सितंबर को जारी की जाएगी। दोनों पदों पर चुनाव निर्विरोध होने की संभावना जताई जा रही है। आईसीए प्रतिनिधि की भी होगी नियुक्ति

एजीएम के एजेंडे में इंडियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) के प्रतिनिधि को आईपीएल गवर्निंग काउंसिल में शामिल करने का प्रस्ताव भी है। इसके अलावा बीसीसीआई के ओम्बड्समैन और एथिक्स ऑफिसर की नियुक्ति भी बैठक के एजेंडे में शामिल है।

- एजीएम में इन मुद्दों पर रहेगी मुख्य नजर18 सितंबर को मुंबई में बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक
- एंडमान और निकोबार क्रिकेट एसोसिएशन को एसोसिएट सदस्यता देने का प्रस्ताव
- आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के दो पदों पर चुनाव
- आईपीएल चेयरमैन पद पर चुनाव
- आईसीए प्रतिनिधि का आईपीएल गवर्निंग काउंसिल में शामिल होना
- बीसीसीआई ओम्बड्समैन और एथिक्स ऑफिसर की नियुक्त



# मैदान पर वापसी: अनाया बांगड़ ने कहा- अब ऑस्ट्रेलिया में एलीट क्रिकेट खेल सकती हूं डब्ल्यूबीबीएल पर भी की बात



अनाया बांगड़ ने कहा है कि वह मार्च 2027 से ऑस्ट्रेलिया में एलीट महिला क्रिकेट खेलने के लिए पात्र हैं और डब्ल्यूबीबीएल में जगह बनाने का लक्ष्य रखती हैं। उन्होंने कहा कि अब उनका फोकस फिटनेस, स्किल्स और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर खुद को डब्ल्यूबीबीएल फ्रेंचाइजी के सामने साबित करने पर है।

भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ की बेटी अनाया बांगड़ ने दावा किया है कि अब वह मार्च 2027 से ऑस्ट्रेलिया में एलीट महिला क्रिकेट खेलने के लिए पात्र हैं। अगर वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर अपने प्रदर्शन से प्रभावित करती हैं, तो उनके लिए विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में खेलने का रास्ता भी खुल सकता है। अनाया ने कहा कि क्रिकेट में वापसी की संभावना उनके लिए बेहद भावुक पल है। ट्रांजिशन के बाद उन्हें क्रिकेट से दूर होना पड़ा था और एक समय उन्हें लगा था कि उनका क्रिकेट करियर खत्म हो गया है।

मुझे लगा था कि मैंने क्रिकेट हमेशा के लिए खो दिया'

बॉम्बे टाइम्स से बातचीत में अनाया ने कहा कि क्रिकेट बचपन से ही उनकी पहचान का अहम हिस्सा रहा है। ऐसे में दोबारा मैदान पर उतरने की संभावना उनके लिए सिर्फ किसी महिला लीग में खेलने का मौका नहीं, बल्कि अपने पसंदीदा खेल में लौटने का अवसर है। उन्होंने कहा, 'मैं अब मार्च 2027 से ऑस्ट्रेलिया में विमेंस बिग बैश लीग खेलने के लिए पात्र हूं। मेरे लिए यह बेहद भावुक पल है, क्योंकि एक समय मुझे सच में लगा था कि मैंने क्रिकेट हमेशा के लिए खो दिया है।' अनाया के मुताबिक, ट्रांजिशन के बाद क्रिकेट से दूर होना उनके जीवन के सबसे कठिन अनुभवों में से एक था। अब उनका लक्ष्य प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर खुद को एक बार फिर साबित करना है।

- क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की नीति से खुला रास्ताऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की ट्रांसजेंडर और जेंडर-डाइवर्स खिलाड़ियों को लेकर समावेशी नीति है।
- इसकी गाइडलाइंस में कम्युनिटी क्रिकेट और एलीट क्रिकेट के बीच अंतर किया गया है और डब्ल्यूबीबीएल को एलीट प्रतियोगिता के तौर पर वर्गीकृत किया गया है।
- अनाया का कहना है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया में एलीट महिला क्रिकेट खेलने की दिशा में आगे बढ़ने की अनुमति दी है।
- हालांकि, डब्ल्यूबीबीएल में जगह मिलना अभी तय नहीं है।
- उन्होंने कहा कि उनका अगला लक्ष्य खुद को शारीरिक और प्रतिस्पर्धात्मक रूप से मजबूत बनाना है, ताकि किसी डब्ल्यूबीबीएल फ्रेंचाइजी की नजर में वह चयन की दावेदार बन सकें। सिर्फ पात्रता से नहीं मिलेगी डब्ल्यूबीबीएल में जगहडब्ल्यूबीबीएल में विदेशी खिलाड़ियों के लिए कॉन्ट्रैक्टिंग और ड्राफ्ट की व्यवस्था है।
- ऐसे में अनाया के लिए पात्र होना पहला कदम है, लेकिन असली चुनौती मैदान पर प्रदर्शन करके किसी फ्रेंचाइजी को प्रभावित करना होगी

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक**

**R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













